Adda247
GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	06/08/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 समवृत्तिता (analogy) को पूर्ण कीजिए।

शुक्राणु उत्पादन : वृषण :: अंड उत्पादन : ____________।

Ans
- ✔ A. अंडाशय
- ✘ B. योनि
- ✘ C. गर्भाशय
- ✘ D. डिंबवाहिनी नली

Q.2 सादृश्य को पूर्ण कीजिए।

पादप : दृढ़ कोशिका भित्ति :: जंतु : _________

Ans
- ✘ A. लिग्निकृत सपोर्ट (Lignified support)
- ✘ B. निश्चित स्थिति (Fixed position)
- ✔ C. कोशिकीय नम्यता (Cellular flexibility)
- ✘ D. प्रकाशसंश्लेषी ऊतक (Photosynthetic tissues)

Q.3 निम्नलिखित में से किस धातु को सामान्यतः उसके अयस्क से वैद्युतअपघटनी अपचयन द्वारा निष्कर्षित किया जाता है?

Ans
- ✘ A. जस्ता
- ✘ B. लौह
- ✘ C. तांबा
- ✔ D. ऐलुमिनियम

Q.4 निम्नलिखित में से किस तत्व का प्रतीक अपने तत्व के साथ सुमेलित नहीं है?

Ans
- ✔ A. सीबोर्गियम के लिए Sb
- ✘ B. आर्सेनिक के लिए As
- ✘ C. ऑक्सीजन के लिए O
- ✘ D. कार्बन के लिए C

Q.5 एक विद्यार्थी विभिन्न अकशेरुकी प्राणी में पाचन तंत्र का विश्लेषण कर रहा है। निम्नलिखित में से कौन-सा संरचनात्मक परिवर्तन दक्ष, एकदिशिक खाद्य प्रसंस्करण और अपशिष्ट निष्कासन को सक्षम बनाता है?

Ans
- ✘ A. द्विपार्श्व सममिति का अधिग्रहण
- ✘ B. संभरण स्पर्शकों का विकास
- ✔ C. दो देह द्वार का विकास
- ✘ D. देह खंडीभवन की उपस्थिति

Test Prime By Adda247

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

Rating | Editors' choice | New

Mocks for Every Exam

Test. Analyze. Improve. Repeat.

All India Rankings

1,50,000+ Mock Tests

25,000+ Previous Year Papers

800+ Exam Covered

500% Refund on Selection

5 lakh+ Free Quizzes

Daily Free PDFs

Top Alerts Stay Updated

WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Strong and Weak Areas
- Detailed Solution
- All India Rankings

Safe & Reliable

Trusted by Lakhs of Aspirants

Your Success, Our Mission

DOWNLOAD TEST PRIME

Your Success Partner!

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Test Prime

SUCCESS GALLERY!

MEET THE ACHIEVERS

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Q.6 एक विद्यार्थी किसी बड़े ड्रम को बजाता है और उसी समय उच्च-तारत्व वाली प्लास्टिक की सीटी बजाता है। ध्वनि तरंगों का कौन-सा गुणधर्म वह मुख्य कारण है जिससे सीटी की ध्वनि, ड्रम की ध्वनि से इतनी अलग सुनाई देती है?

Ans
- ✗ A. ध्वनि तरंगों की प्रबलता दोनों के लिए सदैव समान होती है
- ✗ B. प्रत्येक वाद्ययंत्र को बजाने पर कमरे में वायु का प्रकार बदल जाता है
- ✗ C. वायु के माध्यम से ध्वनि तरंगों की चाल प्रत्येक के लिए भिन्न-भिन्न होती है
- ✓ D. प्रत्येक वाद्ययंत्र के लिए ध्वनि तरंगों की आवृत्ति भिन्न-भिन्न होती है

Q.7 कोशिकीय श्वसन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य गलत है?

Ans
- ✗ A. ग्लूकोज विघटन का प्रथम चरण कोशिका द्रव्य में संपन्न होता है
- ✗ B. अवायु श्वसन ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में होता है
- ✗ C. यीस्ट में अवायु श्वसन से एथेनॉल और कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होता है
- ✓ D. यीस्ट में अवायु श्वसन से मुख्य अंतिम उत्पाद के रूप में जल उत्पन्न होता है

Q.8 यदि नाइट्रोजन गैस (N_2) का आण्विक द्रव्यमान 28 है, तो एकल नाइट्रोजन परमाणु का परमाणु द्रव्यमान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 28
- ✗ C. 21
- ✓ D. 14

Q.9 यदि 9V की एक बैटरी को 3 ओम, 2 ओम और 1 ओम के तीन प्रतिरोधों के साथ श्रेणीक्रम में जोड़ा जाता है, तो परिपथ में प्रवाहित होने वाली धारा कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 9 A
- ✓ B. 1.5 A
- ✗ C. 3 A
- ✗ D. 6 A

Q.10 निम्नलिखित में से किस विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता सबसे कम है?

Ans
- ✗ A. दूध (pH = 6.6)
- ✓ B. समुद्री जल (pH = 8.2)
- ✗ C. रक्त (pH = 7.4)
- ✗ D. सिरका (pH = 3)

Q.11 एक रसायन विज्ञान शिक्षक, कॉपर सल्फेट को जल में विलीन करके एक मिश्रण तब तक तैयार करता है जब तक कि विलयन, स्पष्ट रूप से नीला न हो जाए। इसे समांगी मिश्रण क्यों माना जाता है?

Ans
- ✗ A. कॉपर सल्फेट को निस्यंदन द्वारा आसानी से पृथक किया जा सकता है
- ✓ B. क्योंकि मिश्रण बिना किसी दृश्य पृथक्करण के एकल प्रावस्था के रूप में दिखाई देता है
- ✗ C. क्योंकि कॉपर सल्फेट क्रिस्टल जल की सतह पर तैरते हैं
- ✗ D. क्योंकि मिश्रण, विलोडन करने के बाद दो भिन्न-भिन्न परतें बनाता है

Q.12 त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म के दो पार्श्व फलकों के बीच का कोण क्या कहलाता है?

Ans
- ✓ A. प्रिज्म कोण
- ✗ B. आपतन कोण
- ✗ C. अपवर्तन कोण
- ✗ D. विचलन कोण

Adda247

Q.13	पादपों में किस गति के कारण प्रतान (tendril) किसी वस्तु के चारों ओर चक्कर लगाकर उससे लिपट जाती है?	
Ans	✗ A. स्फीति गति ✓ B. अनुवर्तनी गति ✗ C. चलायमान गति ✗ D. अनुकुंची गति	

Q.14	निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, एकसमान चाल से गतिमान किसी वस्तु के लिए दूरी-समय आरेख की दिखावट का सर्वोत्तम वर्णन करता है?	
Ans	✗ A. परिवर्ती ढाल एक वक्रीय रेखा ✗ B. दूरी अक्ष के समानांतर एक ऊर्ध्वाधर रेखा ✓ C. स्थिर धनात्मक ढाल वाली एक सरल रेखा ✗ D. समय अक्ष के समानांतर एक क्षैतिज रेखा	

Q.15	स्वपोषी अपनी कार्बन और ऊर्जा आवश्यकताओं को किस प्रकार पूर्ण करते हैं?	
Ans	✓ A. प्रकाश संश्लेषण द्वारा ✗ B. किण्वन द्वारा ✗ C. पाचन द्वारा ✗ D. श्वसन द्वारा	

Q.16	निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, वायु और आर्द्रता के साथ संपर्क को अवरुद्ध करके संक्षारण को प्रभावी रूप से रोकती है?	
Ans	✓ A. पेंट या रक्षी लेपन करना ✗ B. धातु को सूर्य के प्रकाश में रखना ✗ C. धातु को जल के साथ मिश्रित करना ✗ D. उच्च तापमान पर धातु को गर्म करना	

Q.17	एकसमान वृत्तीय गति में किसी वस्तु के लिए कौन-सी राशि निरंतर बदलती रहती है?	
Ans	✗ A. चाल बदलती है ✓ B. वेग की दिशा बदलती है ✗ C. गतिज ऊर्जा बदलती है ✗ D. द्रव्यमान बदलता है	

Q.18	कौन-सा अंग, मासिक धर्म चक्र को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करता है?	
Ans	✗ A. थायराइड ✗ B. वृषण ✗ C. अग्न्याशय ✓ D. अंडाशय	

Q.19	एक विद्यार्थी बिना गति किए बस का इंतज़ार करते हुए भारी स्कूल बैग पकड़े हुए है। निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं? (1) विद्यार्थी द्वारा बल अनुप्रयुक्त होता है। (2) बैग विस्थापित हो जाता है। (3) बैग पर कार्य किया जाता है। (4) वैज्ञानिक दृष्टि से कोई कार्य नहीं किया जाता है।	
Ans	✗ A. केवल (1) और (3) ✗ B. (1), (2), (3) ✗ C. केवल (2) और (3) ✓ D. केवल (1) और (4)	

Adda247

Q.20 कार्बन या उसके यौगिकों के दहन से क्या उत्पन्न होता है?

Ans
- ✗ A. केवल ऊष्मा
- ✗ B. केवल प्रकाश
- ✗ C. विद्युत
- ✓ D. ऊष्मा और प्रकाश

Q.21 तांबे के एक तार और लोहे के एक तार की लंबाई और मोटाई समान है। दोनों को समान तापमान पर रखे जाने पर किस तार का प्रतिरोध कम होगा और क्यों?

Ans
- ✗ A. दोनों तार, क्योंकि मोटाई ही एकमात्र कारक है
- ✗ B. लोहे का तार, क्योंकि लोहा एक बेहतर चालक है
- ✗ C. दोनों तार, क्योंकि पदार्थ प्रतिरोध को प्रभावित नहीं करता है
- ✓ D. तांबे का तार, क्योंकि तांबा एक बेहतर चालक है

Q.22 एथीन (ethene) में बनने वाले आबंधों की संख्या बताइए।

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 5
- ✓ C. 6
- ✗ D. 3

Q.23 एक विद्यार्थी सूर्य के प्रकाश में एक उत्तल लेंस रखता है और देखता है कि लेंस के नीचे रखे कागज़ पर एक छोटा चमकदार बिंदु (spot) बनता है। लेंस का कौन-सा गुणधर्म ऐसा होने देता है?

Ans
- ✗ A. लेंस किरणों को सभी दिशाओं में अपसारित करता है
- ✗ B. लेंस सभी किरणों को गुजरने से अवरुद्ध कर देता है
- ✗ C. लेंस केवल रंगीन प्रकाश के लिए कार्य करता है
- ✓ D. लेंस समांतर किरणों को एकल बिंदु पर फोकसित करता है

Q.24 एक वनस्पतिज्ञ दूरस्थ क्षेत्र में उगने वाले एक नए पुष्पी पादप का नामकरण द्विनाम पद्धति का उपयोग करके करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सही प्रारूप है?

Ans
- ✗ A. प्रजाति के पहले अक्षर को कैपिटल में, वंश के सभी अक्षरों को छोटे अक्षरों में लिखा जाता है
- ✗ B. दोनों शब्द को बड़े अक्षरों में लिखा जाता है
- ✓ C. वंश के पहले अक्षर को कैपिटल में, प्रजाति के सभी अक्षरों को छोटे अक्षरों में लिखा जाता है
- ✗ D. दोनों शब्द को छोटे अक्षरों में लिखा जाता है

Adda247

Q.25 प्रत्येक उत्तोलक (lever) में तीन आवश्यक भाग होते हैं जो इसे कार्य करने में सहायता करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा इन भागों में से एक नहीं है?

Ans
- ✗ A. आयास
- ✗ B. आलंब
- ✓ C. धुरी
- ✗ D. भार

Section : Mathematics

Q.26 एक आवासीय प्लॉट ₹6,28,200 में खरीदा गया और ₹7,09,866 में बेचा गया। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 19%
- ✗ B. 11%
- ✓ C. 13%
- ✗ D. 17%

Q.27 $\frac{3\sin^2A + 5\cos A - 5}{\sin^2 A}$ को सरल कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{1 + \cos A}{3\cos A - 2}$
✓ B. $\frac{3\cos A - 2}{1 + \cos A}$
✗ C. $\frac{3\cos A + 2}{1 - \cos A}$
✗ D. $\frac{1 - \cos A}{3\cos A + 2}$

Q.28 यदि तीन मानों 3x, 2x + 6 और 2x + 1 का माध्य 7 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 6
✗ B. 8
✓ C. 2
✗ D. 4

Q.29 एक बैंक में ₹20,000 की जमा धनराशि पर 5% वार्षिक साधारण ब्याज दर से अर्जित वार्षिक ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
✓ A. 1000
✗ B. 1200
✗ C. 1500
✗ D. 1800

Q.30 पाइप A एक टंकी को 3 घंटे में भर सकता है और पाइप B उसी टंकी को 15 घंटे में भर सकता है तथा पाइप C उसी टंकी को 10 घंटे में भर सकता है। यदि सभी पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो उसी टंकी का आधा भाग भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
✗ A. 4
✓ B. 1
✗ C. 3
✗ D. 2

Q.31 यदि एक बस एक स्थान से दूसरे स्थान तक की दूरी का $\frac{1}{10}$ भाग 25 km/hr की चाल से, $\frac{1}{5}$ भाग 8 km/hr की चाल से तय करती है, तो उसे शेष दूरी किस चाल से तय करनी होगी, ताकि उसकी औसत चाल 15.625 km/hr रहे?

Ans
✗ A. 10 km/hr
✗ B. 25 km/hr
✓ C. 20 km/hr
✗ D. 8 km/hr

Q.32 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों I, II, III और IV पर समान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 12% और 79% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 33% और 19% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 38% और 39% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 55%, 79%, और 34% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans
✓ A. IV
✗ B. II
✗ C. III
✗ D. I

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.33 5 cm त्रिज्या और 15 cm ऊंचाई वाले एक संवृत सिलेंडर को बनाने में प्रयुक्त कैनवास का 60% हिस्सा, 8 cm त्रिज्या वाली एक शंक्वाकार टोपी बनाने के लिए पुनः उपयोग किया जाता है। शंक्वाकार टोपी की तिर्यक ऊंचाई (cm में) कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 13
- ✓ B. 15
- ✗ C. 17
- ✗ D. 25

Q.34 $(a-p+m)^2$ का प्रसार करें।

Ans
- ✗ A. $a^2-p^2+m^2-2ap-2pm+2am$
- ✗ B. $a^2+p^2-m^2-2ap-2pm+2am$
- ✓ C. $a^2+p^2+m^2-2ap-2pm+2am$
- ✗ D. $a^2-p^2-m^2-2ap-2pm+2am$

Q.35 रिया और सुमन की आयु का अनुपात 2 : 3 है। वर्तमान से 6 वर्ष बाद, यह अनुपात 4 : 5 हो जाता है। रिया की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10 वर्ष
- ✗ B. 8 वर्ष
- ✗ C. 4 वर्ष
- ✓ D. 6 वर्ष

Q.36 8-अंकीय संख्या 456A3264 को 12 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 3
- ✓ C. 0
- ✗ D. 6

Q.37 18% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्ष में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹25,758 है। मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹3,00,000
- ✗ B. ₹3,50,000
- ✓ C. ₹2,50,000
- ✗ D. ₹4,00,000

Adda247

Q.38 7 अंकों की संख्या 84A614B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 5
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.39 यदि 5 नोटबुक की कीमत ₹125 है, तो ऐसी 8 नोटबुक की कीमत कितनी होगी?

Ans
- ✓ A. ₹200
- ✗ B. ₹150
- ✗ C. ₹120
- ✗ D. ₹180

Q.40 एक समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल 2,220 cm^2 है। इसकी समांतर भुजाएँ 29 cm और 31 cm हैं। यदि समांतर भुजाओं के बीच की दूरी x cm है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 37
- ✓ B. 74
- ✗ C. 56
- ✗ D. 62

Q.41 आंकड़ों के एक समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 15.7 और 17 है। आनुभविक सूत्र का उपयोग करके आंकड़ों की माध्यिका (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16.4
- ✗ B. 15.9
- ✗ C. 15
- ✓ D. 16.1

Q.42 एक बेलनाकार टैंक की त्रिज्या 7 m और ऊँचाई 21 m है। इसका आंतरिक पृष्ठ (वक्रित और आधार सहित) पूर्ण रूप से पेंट किया गया है। बाह्य पृष्ठ पर, ऊपरी किनारे के साथ लगी 1 m चौड़ी क्षैतिज पट्टी को छोड़कर शेष वक्र पृष्ठ पेंट किया गया है; बाह्य आधार भी पेंट किया गया है। $\pi = \frac{22}{7}$ प्रयोग कीजिए। आंतरिक पृष्ठ पर पेंट करने की दर ₹5 प्रति m^2 और बाह्य पृष्ठ पर पेंट करने की दर ₹7 प्रति m^2 है। कुल पेंटिंग लागत कितनी होगी?

Ans
- ✓ A. ₹12,628
- ✗ B. ₹12,672
- ✗ C. ₹12,760
- ✗ D. ₹12,716

Q.43 एक अधिकारी अपने वेतन का 10% घर के किराए पर खर्च करता है। शेष राशि में से, वह 50% परिवहन पर खर्च करता है। उसके पास ₹20,556 शेष हैं। उसका कुल वेतन कितना था?

Ans
- ✓ A. ₹45,680
- ✗ B. ₹46,680
- ✗ C. ₹47,680
- ✗ D. ₹48,680

Q.44 रमन की आय ₹43,800 है। वह अपनी आय का 20% बचाता है। यदि उसकी आय में 36% की वृद्धि हो जाती है और व्यय में 40% की वृद्धि हो जाती है, तो उसकी बचत में ________________।

Ans
- ✗ A. ₹1,757 की वृद्धि होगी
- ✓ B. ₹1,752 की वृद्धि होगी
- ✗ C. ₹1,753 की कमी होगी
- ✗ D. ₹1,748 की कमी होगी

Q.45 ₹10000 के मूलधन पर 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹2544 है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यदि ब्याज दर आधी कर दी जाए और समय अवधि दोगुनी कर दी जाए, तो चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में, निकटतम पैसे तक) कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 2624.77
- ✗ B. 2724.67
- ✗ C. 2642.77
- ✗ D. 2742.67

Q.46 दिए गए आंकड़ा समुच्चय की माध्यिका ज्ञात कीजिए:
10, 13, 14, 17, 18

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 10
- ✓ C. 14
- ✗ D. 17

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.47 कौशल ने 32 km/h की चाल से 2 घंटे 45 मिनट की यात्रा की। उसी दूरी को 4 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

Ans
✗ A. 21
✗ B. 24
✗ C. 19
✓ D. 22

Q.48 यह लाइन ग्राफ 2024 के पहले छह महीनों के दौरान दो उत्पादों (उत्पाद A और उत्पाद B) की मासिक बिक्री को यूनिट में दर्शाता है।



संदर्भ:
Monthly Sales of two Products (Product A and Product B)-दो उत्पादों (उत्पाद A और उत्पाद B) की मासिक बिक्री
January-जनवरी, February-फरवरी, March-मार्च, April-अप्रैल, May-मई, June-जून

उत्पाद A की बिक्री की तुलना में, किस महीने में उत्पाद B की बिक्री का प्रतिशत सर्वाधिक था?

Ans
✗ A. जून
✗ B. मई
✗ C. अप्रैल
✓ D. जनवरी

Q.49 $3^3 \times 3^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 3^1
✗ B. 3^8
✓ C. 3^5
✗ D. 3^6

Q.50 $\gamma = 30^\circ$ पर $\left(\frac{\cos\gamma \cot\gamma}{1 - \sin\gamma}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 3
✗ B. 1
✗ C. 0
✗ D. $\frac{3}{2}$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 एक निश्चित तरीके से UX 4 का संबंध QT 12 से है। उसी तरह, GJ 6 का संबंध CF 18 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LO 8 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. HJ 24
- ✓ B. HK 24
- ✗ C. IK 23
- ✗ D. IL 21

Q.52 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) T J C U J D C Y P S U V Y R T W K V U H Z (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन

Q.53 सात व्यक्ति N, F, X, G, Q, T और M, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। F और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X के दाईं ओर केवल T बैठा है। N और X के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, Q के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन M के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। G के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. दो
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

Q.54 A, B, C, D, E, F और G में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन है। A की परीक्षा मंगलवार को है। F की परीक्षा A के ठीक बाद है। F और B के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। C की परीक्षा B के ठीक बाद है। D की परीक्षा C के ठीक बाद है। G से पहले किसी की परीक्षा नहीं है। E की परीक्षा किस दिन है?

Ans
- ✓ A. गुरुवार
- ✗ B. सोमवार
- ✗ C. शुक्रवार
- ✗ D. बुधवार

Q.55 यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 − 12 ÷ 3 + 10 × 2 = ?

Ans
- ✗ A. 39
- ✓ B. 56
- ✗ C. 36
- ✗ D. 37

Q.56 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 9 2 7 8 9 1 2 3 9 3 5 6 6 4 1 7 8 6 7 5 1 9 8 4 5 7 4 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✗ C. चार
- ✓ D. तीन

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.57 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

XBF–CGK
YCG–DHL

Ans
- ✗ A. XAD–CGK
- ✗ B. JNS–PSW
- ✓ C. JNR–OSW
- ✗ D. XAD–BFJ

Q.58 H, I, J, L, M और N, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
M तल क्रमांक 6 पर रहता है। M और H के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। L, H के नीचे किसी तल पर रहता है। N, एक सम-क्रमांकित तल पर रहता है। I, एक विषम-क्रमांकित तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है।
J और H के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✓ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.59 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)
14 – 28 – 56 – 112 ; 16 – 32 – 64 – 128

Ans
- ✗ A. 17 – 34 – 68 – 130
- ✗ B. 15 – 30 – 60 – 100
- ✗ C. 20 – 40 – 90 – 180
- ✓ D. 18 – 36 – 72 – 144

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. VY–XA
- ✓ B. JM–KQ
- ✗ C. HK–JM
- ✗ D. WZ–YB

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. PG – TK
- ✗ B. SJ – WN
- ✓ C. VL – YO
- ✗ D. MD – QH

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.62 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उसी प्रकार से, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, उसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए प्रश्न में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?

(नोट - एक दो/तीन अंकीय संख्या को संक्रिया के लिए उनके घटक अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है क्योंकि दो अंकीय संख्या को घटक अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)

15 – 18 – 26 – 22 ; 20 – 23 – 31 – 27

Ans
- ✗ A. 14 – 11 – 19 – 15
- ✗ B. 6 – 9 – 17 – 21
- ✓ C. 8 – 11 – 19 –15
- ✗ D. 12 – 9 – 17 – 13

Q.63 छह व्यक्ति, C, D, E, O, P और Q, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O और P के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.64 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

136 149 164 181 200 ?

Ans
- ✗ A. 247
- ✓ B. 221
- ✗ C. 295
- ✗ D. 285

Q.65 यदि संख्या 1735862 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या के सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 7
- ✓ B. 8
- ✗ C. 9
- ✗ D. 6

Q.66 E, F की पत्नी है। F, G का पिता है। G, H की माता है। E का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता
- ✗ B. बहन
- ✓ C. माता की माता
- ✗ D. पत्नी की माता

Q.67 निम्नलिखित संख्या-श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 3 4 9 2 1 7 2 8 3 4 9 8 3 9 7 9 8 5 2 6 7 2 1 1 2 2 1 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?

Ans
- ✓ A. 5
- ✗ B. 4
- ✗ C. 7
- ✗ D. 6

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

HIE DEA ZAW VWS ?

Ans
- ✗ A. RRN
- ✗ B. RSU
- ✗ C. RTN
- ✓ D. RSO

Q.69 इस प्रश्न में, एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।
5 छड़ियों V, H, Y, D और N (प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग) में से कौन-सी छड़ी सबसे छोटी है?
(I) N, Y से लंबी है।
(II) D, N से लंबी है। V केवल एक छड़ी से छोटी है।

Ans
- ✗ A. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✓ B. कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ C. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ D. कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Q.70 एक प्रश्न के बाद, (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

Ah, Bt, Ci, Du और Ez एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Ah के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(I) Du, Ez के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। Ci, Ez के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
(II) Bt, Du के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Ez, Du के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है।

Ans
- ✗ A. अकेले कथन I में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं जबकि अकेले कथन II में दिए गए आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं।
- ✗ B. कथन I और II दोनों में दिए गए आंकड़े मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✓ C. दोनों कथन I और II मिलकर (और न कि केवल अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✗ D. अकेले कथन II में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं जबकि अकेले कथन I में दिए गए आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं।

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'A # B + H @ K ÷ T' है, तो A का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की बहन
- ✗ B. पत्नी की बहन की पुत्री
- ✓ C. पत्नी की माता
- ✗ D. माता की माता

Q.72 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

231 ÷ 61 × 427 − 321 + 217 = ?

Ans
- ✗ A. 317
- ✓ B. 137
- ✗ C. 173
- ✗ D. 117

Adda247

Q.73 छह बॉक्स - D, E, F, G, X और Y - एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
D के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। Y के ऊपर केवल E को रखा गया है। X को G के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
F और X के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक
- ✗ D. चार

Q.74 एक निश्चित कूट भाषा में, 'VEIN' को '7462' के रूप में और 'EASY' को '9537' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'E' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✓ A. 7
- ✗ B. 9
- ✗ C. 4
- ✗ D. 5

Q.75 यह प्रश्न निम्नलिखित अक्षर-समूहों पर आधारित है।

BOC TWE JVN HEQ

प्रत्येक अक्षर-समूह में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✗ D. एक

Q.76 कार्तिक बिंदु A से चलना शुरू करता है और वह दक्षिण दिशा में 19 km चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 13 km चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 24 km चलता है। इसके बाद वह फिर से बाएँ मुड़ता है और 22 km चलता है। अंत में वह फिर से बाएँ मुड़ता है, 5 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 9 km, पश्चिम दिशा में
- ✗ B. 8 km, पूर्व दिशा में
- ✓ C. 9 km, पूर्व दिशा में
- ✗ D. 8 km, पश्चिम दिशा में

Q.77 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएँ) SAD DIM CRY GYM (दाएँ)

बाएँ से दूसरे शब्द के तीसरे अक्षर और दाएँ से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 7
- ✗ C. 3
- ✓ D. 4

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से CJGE का संबंध IPMK से है। उसी प्रकार, GNKI का संबंध MTQO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KROM का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. QYUR
- ✗ B. QXSU
- ✗ C. QXUR
- ✓ D. QXUS

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.79 शब्द COMBINE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से चौथे स्थान पर होगा?

Ans
- ✗ A. B
- ✓ B. A
- ✗ C. M
- ✗ D. F

Q.80 शब्द ATTRACT के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होते हैं?

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 16
- ✗ C. 17
- ✗ D. 19

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 मई 2026 में अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस कार्यक्रम के दौरान नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की निम्नलिखित में से किस पहल को भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में प्रदर्शित किया गया था?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन
- ✗ B. हरित भारत मिशन
- ✓ C. पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना
- ✗ D. प्रधान मंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान

Q.82 2026 में आयोजित 16वें भारत-सिंगापुर रक्षा नीति वार्ता के दौरान, दोनों देशों के बीच सहयोग को निम्नलिखित में से किस उभरते सुरक्षा क्षेत्र में विस्तारित करने का प्रस्ताव किया गया था?

Ans
- ✗ A. जलवायु वित्त, खनिज अन्वेषण, निर्वाचन सुधार, सांस्कृतिक विनिमय और आपदा बीमा
- ✗ B. परमाणु निरस्त्रीकरण, अंटार्कटिक शासन, कृषि व्यापार, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अंतरिक्ष पर्यटन
- ✗ C. अंतर्देशीय जल परिवहन, मत्स्य प्रबंधन, शहरी आवास, श्रम प्रवासन और वस्त्र उत्पादन
- ✓ D. साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा, मानव रहित प्रणालियां और उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियां

Q.83 वर्ष 2026 के दौरान सरकारी संचार में रेखांकित किया गया 'शी-बॉक्स' (SHe-Box) प्लेटफॉर्म मुख्य रूप से किस विधान के कार्यान्वयन से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006
- ✗ B. दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961
- ✗ C. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005
- ✓ D. महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013

Q.84 वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जारी रक्षा क्षेत्र के आंकड़ों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत के रक्षा निर्यात प्रदर्शन का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. भारत ने रक्षा विनिर्माण में निजी-क्षेत्र की भागीदारी को पूर्णतया बंद कर दिया और निर्यात को केवल देश की आवश्यकताओं तक सीमित रखा।
- ✗ B. भारत ने रक्षा विनिर्माण निर्यात के स्थान पर विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से रणनीतिक सैन्य प्लेटफॉर्म का विशेष रूप से आयात करना शुरू कर दिया।
- ✗ C. स्वदेशी रक्षा उपकरणों की अंतरराष्ट्रीय मांग में कमी के कारण FY 2025-26 के दौरान भारत के रक्षा निर्यात में महत्त्वपूर्ण गिरावट आई।
- ✓ D. FY 2025-26 के दौरान भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड ₹38,424 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में पर्याप्त वृद्धि को दर्ज करता है।

Q.85 छत्तीसगढ़ के दंपत्ति, श्री रामचंद्र गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले को वर्ष 2026 में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में संयुक्त रूप से पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय स्तर के खेल कोचिंग में उत्कृष्टता
- ✗ B. ग्रामीण विद्यालयों के लिए अभिनव शैक्षणिक पद्धतियाँ
- ✓ C. जनजातीय क्षेत्रों में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ
- ✗ D. उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी का विकास

Q.86 मार्च 2026 में घोषित SOAR कार्यक्रम के द्वितीय चरण के विस्तार के अनुसार, इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस क्या था?

Ans
- ✗ A. शिक्षुता प्रशिक्षण से उन्नत विनिर्माण प्रमाणन मार्गों में विस्तार
- ✗ B. डिजिटल शिक्षण मॉड्यूल से संस्थान-आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण मार्गों में स्थानांतरण
- ✓ C. बुनियादी AI जागरूकता से उद्योग-उन्मुख कौशल प्रमाणन मार्गों में संक्रमण
- ✗ D. क्षेत्र-विशिष्ट प्रमाणन मार्गों के साथ क्रेडिट-आधारित अधिगम का प्रतिस्थापन

Q.87 AIFF एलीट यूथ लीग 2025-26 का खिताब जीतने वाली टीम कौन-सी है?

Ans
- ✗ A. जमशेदपुर एफसी (Jamshedpur FC)
- ✓ B. पंजाब एफसी (Punjab FC)
- ✗ C. रिलायंस फाउंडेशन (Reliance foundation)
- ✗ D. जिंक फुटबॉल एकेडमी (Zinc Football Academy)

Q.88 भारतीय रिजर्व बैंक के किस संस्थागत निकाय ने दिसंबर 2025 में रेपो दर को घटाकर 5.25% करने का निर्णय लिया?

Ans
- ✗ A. गवर्नर का कार्यालय
- ✗ B. निदेशक मंडल
- ✗ C. वित्तीय स्थिरता इकाई
- ✓ D. मौद्रिक नीति समिति

Q.89 अप्रैल 2026 में मैड्रिड में आयोजित प्रतिष्ठित 26वें लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स (Laureus World Sports Awards) में किस टेनिस स्टार को 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ़ द ईयर' नामित किया गया?

Ans
- ✗ A. राफेल नडाल (Rafael Nadal)
- ✗ B. जानिक सिनर (Jannik Sinner)
- ✗ C. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)
- ✓ D. कार्लोस अल्काराज़ (Carlos Alcaraz)

Q.90 नवंबर 2025 में किस देश ने G20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसका मुख्य परिणाम बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर एक संयुक्त विज्ञप्ति (communiqué) थी?

Ans
- ✗ A. ऑस्ट्रेलिया
- ✓ B. दक्षिण अफ्रीका
- ✗ C. ब्राज़ील
- ✗ D. भारत

Q.91 अक्टूबर 2025 में, भारत ने औषधि-प्रतिरोधी श्वसन संक्रमण के विरुद्ध प्रभावी अपने पहले स्वदेशी रूप से खोजे गए एंटीबायोटिक के विकास की घोषणा की। इस एंटीबायोटिक का नाम क्या है?

Ans
- ✓ A. नैफिथ्रोमाइसिन (Nafithromycin)
- ✗ B. रिफैम्पिसिन (Rifampicin)
- ✗ C. एजिथ्रोमाइसिन (Azithromycin)
- ✗ D. क्लेरिथ्रोमाइसिन (Clarithromycin)

Q.92	जून 2025 में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन बिताने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला किस मिशन का हिस्सा थे?
Ans	✗ A. स्पेडेक्स-2 (SpaDeX-2) ✓ B. एक्सिओम-04 (Axiom-04) ✗ C. निसार मिशन (NISAR Mission) ✗ D. गगनयान-1 (Gaganyaan-1)

Q.93	7 अप्रैल 2026 को मनाए जाने वाले, विश्व स्वास्थ्य दिवस की आधिकारिक थीम क्या थी?
Ans	✓ A. टुगेदर फॉर हेल्थ। स्टैंड विद साइंस (Together for health. Stand with science) ✗ B. साइंस फॉर हेल्दी वर्ल्ड फ्यूचर (Science for healthy world future) ✗ C. ग्लोबल हेल्थ विद साइंटिफिक यूनिटी (Global health with scientific unity) ✗ D. हेल्थ फॉर ऑल, साइंस फॉर केयर (Health for all, science for care)

Q.94	निम्नलिखित में से किस प्रमुख टेनिस खिलाड़ी ने तीन सेट के फाइनल में आर्या सबालेंका (Aryna Sabalenka) को हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला एकल (Open women's singles) का खिताब जीता?
Ans	✗ A. मैडिसन कीज़ (Madison Keys) ✓ B. एलेना रायबाकिना (Elena Rybakina) ✗ C. इगा स्वियाटेक (Iga Swiątek) ✗ D. जेसिका पेगुला (Jessica Pegula)

Q.95	मई 2026 में, भारत की रिकर्व महिला टीम ने आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 (Archery World Cup Stage-2) के फाइनल में किस देश को हराकर स्वर्ण पदक जीता?
Ans	✗ A. कोरिया ✗ B. जापान ✓ C. चीन ✗ D. मेक्सिको

Q.96	भारत सरकार द्वारा अधिसूचित नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुसार, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रदूषक अनुचित अपशिष्ट निपटान का वित्तीय बोझ वहन करें, किस सिद्धांत को विशेष रूप से शामिल किया गया है?
Ans	✗ A. निवारक सिद्धांत (Precautionary Principle) ✓ B. प्रदूषक भुगतान सिद्धांत (Polluter Pays Principle) ✗ C. निरपेक्ष दायित्व सिद्धांत (Absolute Liability Principle) ✗ D. संधारणीय विकास सिद्धांत (Sustainable Development Principle)

Q.97	जनवरी 2026 में, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को निम्नलिखित में से किस वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
Ans	✗ A. परम वीर चक्र ✓ B. अशोक चक्र ✗ C. शौर्य चक्र ✗ D. कीर्ति चक्र

Q.98	केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, भारत सरकार ने देश से किस तिथि तक वामपंथी उग्रवाद (LWE) को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है?
Ans	✓ A. 31 मार्च 2026 ✗ B. 31 मार्च 2027 ✗ C. 31 मार्च 2029 ✗ D. 31 मार्च 2028

Adda247

Test Prime By Adda247

PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free **25,000+** PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.



- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME

Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVIL)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.99	मई 2026 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा शिरडी में उद्घाटन किए गए भारत के पहले 300-km यूनिवर्सल रॉकेट सिस्टम (universal rocket system) का नाम क्या है?
Ans	✔ A. सूर्यास्त्र (Suryastra) ✘ B. ब्रह्मास्त्र (Brahmastra) ✘ C. भीमस्त्र (Bhimastra) ✘ D. शिवास्त्र (Shivastra)

Q.100	भारत के नियामक ढांचे के संदर्भ में, बीमा दावा निपटान (insurance claim settlement) प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए दिसंबर 2025 में एक नई पहल शुरू की गई थी। ऐसे सुधारों को लागू करने के लिए मुख्य रूप से कौन-सा संगठन उत्तरदायी है?
Ans	✘ A. RBI ✘ B. TRAI ✔ C. IRDAI ✘ D. SEBI

"

Adda247